
# मैं फिल्मों में ही अच्छा बिजनेस कर लेता हूं : राजकुमार


राजकुमार ने हाल ही में अपने पिता को खोया है। ऐसे में निजी जिंदगी में राज बेहद ही इमोशनल दौर से गुजर रहे हैं। जब राज से यह सवाल पूछा गया कि इस हादसे के बाद उन्होंने खुद को कैसे हैंडल किया है? सवाल सुनते ही राज बेहद इमोशनल हो गए। उन्होंने जवाब देते हुए कहा, यह ऐसी कमी है, जो जिंदगीभर मेरे साथ रहेगी। ठीक 3 साल पहले मैंने अपनी मां को खोया था, उस वक्त मैं न्यूटन की शूटिंग कर रहा था। मेरे पैरेंट्स का सपना था कि मैं सफल ऐक्टर बनूं। जब पापा की तबीयत खराब चल रही थी, तो मैं चाहता था कि वह मेड इन चाइना का ट्रेलर जरूर देखें। मैंने दिनेश से गुजारिश की और दिनेश ने मुझे पहले ही ट्रेलर का लिंक भेजा और मुझे इस बात की खुशी है कि पापा ने फिल्म का ट्रेलर देखा और उन्हें काफी पसंद भी आया था। अब वह हमारे बीच नहीं हैं... पर मेरा यकीन है कि वह जहां भी होंगे मेरी फिल्म जरूर देखेंगे। उनका आशीर्वाद मेरे साथ है।



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वहीं दूसरा सवाल स्टारकास्ट से उनके जुगाड़ पर पूछा गया। राज कहते हैं, जब मैं गुड़गांव में रहता था, तो उस वक्त बहुत से जुगाड़ किया करता था। बंक मारकर जब फिल्में देखने जाते थे, तो थिअटर तक पहुंचने के लिए लिफ्ट कैसे मिलेगी इसका जुगाड़ किया करते थे। हम सबने अपनी जिंदगी में कहीं न कहीं जुगाड़ किया है। हम इंडियंस अपने जुगाड़ूपन के लिए पहचाने भी जाते हैं। यह जुगाड़ शब्द ही हमारे खून में ही है। फिल्म दीवाली के मौके पर रिलीज हो रही है। जहां यह फिल्म सांड की आंख और हाउसफुल 4 को टक्कर देगी जा रही है। बॉलिवुड की इस क्लैश पर प्रड्यूसर दिनेश विजान कहते हैं, फिल्मों का क्लैश तो अब आम बात है और इसका कुछ किया भी नहीं जा सकता है। अगर लेटेस्ट उदाहरण लें, तो बाटला हाउस और मिशन मंगल साथ आई थी। दोनों ने ही बेहतर बिजनेस किया। पिछले साल सत्यमेव जयते फिल्म गोल्ड के साथ आई उसका बिजनेस भी सही रहा है। हॉलिडे में बिजनेस इतना हो जाता है कि दोनों फिल्मों को फायदा मिल ही जाता है। हम मिल बांटकर प्रॉफिट कमा ही लेंगे।

## कोई जुगाड़ नहीं लगाया



फिल्म में बिजनसमैन बने राजकुमार से जब पूछा गया कि क्या वह भी बाकी ऐक्टर्स की तरह दूसरे बिजनस पर अपना इनवेस्टमेंट करते हैं? जवाब में राज ने कहा, मैं फिल्मों में ही अच्छा बिजनस कर लेता हूं। असल जिंदगी में तो मुझे बिजनस की कोई समझ नहीं है। हां, फ्यूचर में जरूर इस बारे में सोचूंगा लेकिन फिलहाल पूरा फोकस ऐक्टिंग पर ही है। वहीं मॉनी रॉय ने जवाब देते हुए कहा, हां, मैंने बहुत पढ़ाई की है। इसलिए मैं कुछ तो अलग करना चाहती हूं, जहां मेरी स्टडी का इस्तेमाल हो सके लेकिन प्लान तो अभी कुछ नहीं हुआ है। राज से पूछा गया कि क्या उन्होंने फिल्मों मे सफल ऐक्टर बनने के लिए कोई जुगाड़ लगाया था? वह कहते हैं, जब मैं मुंबई आया था, तो मुझसे लोग कहते थे कि यहां टिकने के लिए जुगाड़ लगाने पड़ते हैं। पार्टी में जाओ अपने कॉन्टैक्ट्स बनाकर जुगाड़ लगाओ। हालांकि मैंने यह सब कुछ भी नहीं किया। मैं कास्टिंग डायरेक्टर्स से मिलकर उनसे बस ऑडिशन लेने की रिक्वेस्ट करता था। यहीं से मुझे लव सेक्स और धोखा फिल्म मिली। शुक्रगुजार हूं कि मेरा कोई जुगाड़ नहीं था वर्ना मेरा करियर वहीं खत्म भी हो जाता। यहां सब टैलेंट और मेहनत पर निर्भर करता है।दिनेश और राजकुमार की जोड़ी ने कई सक्सेसफुल फिल्में दी हैं। ऐसे में कई लोग इनकी जोड़ी को करण जौहर और शाहरुख खान की दोस्ती से तुलना कर रहे हैं। इस पर दिनेश कहते हैं, क्यों हमें बिना वजह का प्रेशर दे रहे हो। हम अपनी छोटी-छोटी फिल्में बनाकर खुश हैं। राज कहते हैं, अब दिनेश के पास कोई भी स्क्रिप्ट आती है, तो मैं पूछता हूं किसे कास्ट कर रहे हो? या खुद का नाम ही सजेस्ट कर देता हूं।

# अंधविश्वासी हैं जाह्नवी कपूर करती हैं यह 'अजीब काम'

अपनी ग्लैमरस लाइफस्टाइल और फिल्मों के अलावा बॉलिवुड स्टार्स की अपनी पर्सनल लाइफ भी होती है जिसमें वह कई तरह की चीजों का सामना करते हैं। स्टार्स के अपने कुछ लकी चार्म होने के अलावा उनके कुछ अंधविश्वास भी होते हैं। हालांकि फिल्मी सितारों के इन अजीब अंधविश्वासों को काफी कम ही लोग जानते हैं।

हाल में जाह्नवी कपूर ने अपने एक अजीब अंधविश्वास के बारे में बताया है। अपनी बड़ी बहन सोनम कपूर की फिल्म च्द जोया फैक्टरज् को प्रमोट करते हुए जाह्नवी ने इस बात का खुलासा किया है। सोनम ने जाह्नवी का एक विडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है जिसमें वह बता रही हैं कि जब भी वह किसी फिल्म के सेट पर जाती हैं तो उससे पहले वह कुछ ऐसी अजीब हरकत करती हैं।विडियो में जाह्नवी कपूर बता रही हैं कि उनका कोई ऐसा लकी चार्म तो नहीं लेकिन एक अजीब अंधविश्वास जरूर है। उन्होंने बताया कि जब भी वह किसी जरूरी काम या फिल्म के सेट पर जाती हैं तो वह हमेशा अपना दायां पैर उठाती हैं और कमरे में हमेशा दाहिने पैर से भीतर दाखिल होती हैं। जाह्नवी ने यह भी बताया कि अगर ऐसा नहीं हो पाता है तो वह दोबारा कमरे में अपने दाहिने पैर से एंट्री लेती हैं।इस बीच वर्क फ्रंट की बात करें तो च्धड़कज् से बॉलिवुड में डेब्यू करने वाली जाह्नवी इस समय अपनी अगली फिल्म च्गुंजन सक्सेनाः द करगिल गर्लज् की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। फिल्म में उनके साथ पंकज त्रिपाठी और अंगद बेदी दिखाई देंगे। यह फिल्म इंडियन एयरफोर्स की जाबांज पायलट गुंजन सक्सेना की बायॉपिक है। इस फिल्म के अलावा जाह्नवी, करण जौहर की मल्टी-स्टारर फिल्म तख्त में भी दिखाई देंगी।



# शाहिद की पत्नी मीरा को ट्रोल्स ने बनाया निशाना

मीरा राजपूत एक बार फिर ट्रोल्स के निशाने पर हैं। उन्होंने हाल ही में पति शाहिद कपूर के साथ वोग मैगजीन के लिए स्पेशल फोटोशूट करवाया था। यह शूट मैरिड कपल स्पेशल एडिशन के लिए था। फोटोज में मीरा काफी खूबसूरत लग रही हैं लेकिन नॉन-स्टार होने पर उनका मैगजीन में जगह पाना लोगों को रास नहीं आया।



मीरा के जरिए फोटोशूट के दौरान की कुछ पिक्स इंस्टाग्राम पर शेयर की गई थीं। इन पिक्स को सामने आए भले ही कुछ दिन हो गए हों लेकिन लोग अभी भी तरह-तरह के कॉमेंट्स करते हुए स्टार वाइफ पर निशाना साधना जारी रखे हुए हैं। लोगों ने इस बात पर आपत्ति जताई कि मीरा कुछ भी नहीं हैं लेकिन फिर भी उन्हें स्टार पति के कारण आसानी से मैगजीन कवर पर आने का मौका मिल गया। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि मीरा से यादा बेहतर लोग मौजूद हैं तो उन्हें भला क्यों इसका हिस्सा नहीं बनाया गया। वहीं कुछ यूजर्स ऐसे भी रहे जिन्होंने मीरा के पुराने बयानों को याद करते हुए उन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक ओर मीरा नेपोटिम के खिलाफ होने की बात कहती हैं तो दूसरी ओर खुद स्टार वाइफ होने के कारण बड़ी मैगजीन के कवर पेज पर आ जाती हैं। कुछ लोगों ने इसी वजह से मीरा को डबल स्टैंडर्ड रखने वाली शख्स भी कहा। हालांकि, इस बीच ऐसे भी कई यूजर्स रहे जो मीरा का बचाव करते दिखे। एक यूजर ने लिखा, मीरा खूबसूरत है और अछी पत्नी व मां है। यह फोटोशूट मैरिड कपल स्पेशल था और मीरा इसके लिए अछी चॉइस हैं। एक अन्य ने लिखा, मुझे समझ नहीं आ रहा कि लोग क्यों जबरन मीरा को निशाना बना रहे हैं आखिर इस फोटोशूट में ऐसा क्या गलत है। बता दें कि, मीरा राजपूत अक्सर अपने बयान के कारण सुर्खियों में छाई रहती हैं। कई बार उन्हें उनके विचारों के लिए आलोचना झेलनी पड़ी है।